／

# काशी नरेश विश्वविद्यालय, भदोही

Email-registrarknu@gmail.com

पत्रांक : 222 / का0न0वि0 / 2026 दिनांक : 22 अगस्त, 2026

## प्रेस विज्ञप्ति

उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्या–06/79वि–1–2026–2–क–1/2026 दिनांक 14.01.2026 के द्वारा भदोही में काशी नरेश विश्वविद्यालय को गजट एवं पत्र संख्या–715/ सतर–1–2026, दिनांक 08 मई 2025 के द्वारा अधिसूचित कर एक नये विश्वविद्यालय के रूप में स्थापना की गयी है।

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट के सफल क्रियान्वयन एवं पर्यवेक्षण हेतु विश्वविद्यालय में अंशकालिक कार्यक्रम समन्वयक की नियुक्ति किये जाने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा पत्र संख्या:67/का0न0वि0/2026 दिनांक 29 जून 2026 के माध्यम से प्रेस विज्ञप्ति निर्गत की गयी थी तथा इच्छुक एवं अर्ह अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र प्राप्त किये जाने की अन्तिम तिथि 14 जुलाई 2026 निर्धारित की गयी थी। परन्तु पर्याप्त आवेदन पत्र प्राप्त न होने के कारण विश्वविद्यालय द्वारा अंशकालिक कार्यक्रम समन्वयक की नियुक्ति किये जाने हेतु इच्छुक एवं अर्ह अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र प्राप्त किये जाने की अन्तिम तिथि 10 सितम्बर 2026 तक विस्तारित किया जाता है।

कार्यक्रम समन्वयक हेतु निर्धारित योग्यताएं एवं कार्यकाल निम्नवत है :–

**2.3 कार्यक्रम समन्वयक की अर्हताएं**

(क) विश्वविद्यालय या सम्बद्ध महाविद्यालय में रीडर/वरिष्ठ व्याख्याता।
(ख) एन0एस0ए0 पृष्ठभूमि के साथ रीडर के स्तर का सम्बद्ध महाविद्यालय का प्राचार्य।
(ग) कम से कम 03 वर्षो तक कार्यक्रम अधिकारी एन0एस0एस0 रहा हो।
(घ) किसी टीओसी/टीओआरसी में एन0एस0एस0 अनुकूलन पाठ्यक्रम किया हो।
(ङ) समन्वयक के रूप में चयन के समय 50 वर्ष से अधिक का न हो।

**2.4 कार्यक्रम समन्वयक का कार्यकाल**

कार्यक्रम समन्वयक की नियुक्ति 03 वर्ष की अवधि के लिए प्रतिनियुक्ति/अल्पकालिक अनुबन्ध के आधार पर की जायेगी जिसे और आगे 01 वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है। किसी भी कार्यक्रम समन्वयक को स्थायी आधार पर नियुक्त नहीं किया जायेगा।

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में कार्यरत जो नियमित शिक्षक उपर्युक्त अर्हताएं पूर्ण करते हो वे सादे कागज पर पूर्ण विवरण अंकित करते हुए आवेदन पत्र सुसंगत अभिलेखों सहित दिनांक 10 सितम्बर 2026 तक विश्वविद्यालय के ईमेल registrarknu@gmail.com अथवा बाई हैण्ड कुलसचिव कार्यालय में प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

(डॉ0 महेश कुमार)
कुलसचिव

प्रतिलिपि – निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित।

1. माननीया कुलपति, काशी नरेश विश्वविद्यालय, भदोही।
2. डॉ0 मंजू सिंह, विशेष कार्य अधिकारी एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी, एन0एस0एस0 प्रकोष्ठ,उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
3. परीक्षा नियंत्रक, काशी नरेश विश्वविद्यालय, भदोही।
4. सहायक कुलसचिव, काशी नरेश विश्वविद्यालय, भदोही।
5. प्राचार्य/प्राचार्या, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, काशी नरेश, विश्वविद्यालय, भदोही।
6. नोडल अधिकारी, विश्वविद्यालय वेवसाइट।
7. सम्बन्धित पत्रावली।

22/8
कुलसचिव